(कार्या.) 07692- 225866
(नि.) 07692- 220301
(फैक्स) 07692- 220990
ई-मेल - dmseo@nic.in,

कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख सिवनी, जिला सिवनी (म.प्र.)

क्रमांक/ **571** /भू-अभि./रा.नि./2025 सिवनी, दिनांक- 03 अप्रैल 2025

प्रति,

1. अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अनुविभाग, सिवनी/कुरई/बरघाट/केवलारी/लखनादौन/घंसौर
2. तहसीलदार
तहसील सिवनी/सिवनी नगर/कुरई/बरघाट/केवलारी/लखनादौन/छपारा/घंसौर/धनौरा

विषय:- वर्ष 2025 में जल गंगा संवर्धन अभियान की आयोजना और कार्यान्वयन के संबंध में।

संदर्भ:- 1. म.प्र. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल का पत्र क्रमांक 8672/पं.ग्रा./वि.वि./वि-5/2025 दिनांक 25/03/2025
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी का पत्र क्रमांक 7408/मनरेगा/मॉनिट/जि.पं./2025 सिवनी दिनांक 26/03/2025।

---000---

कृपया विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में वर्ष 2025 में जल गंगा संवर्धन अभियान की आयोजना और कार्यान्वयन हेतु राजस्व विभाग के अंतर्गत निम्न कार्यों का सम्पादन किये जाने हेतु आदेशित किया गया है:-

1. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पूर्व में निर्मित किये गये अमृत सरोवर को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराना।
2. समस्त विभागों द्वारा पूर्व में निर्मित किये गये तालाबों, चेकडेम तथा स्टाप डेम को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराना।
3. राजस्व अभिलेख में अन्य जल संरचनाओं तथा जल संसाधन विभाग की नहरों को दर्ज करना।
4. जल संरचनाओं के अतिक्रमण को चिह्नित करने एवं अतिक्रमण हटाने हेतु संबंधित विभाग का सहयोग करना।

जल गंगा संवर्धन अभियान वर्ष 2025 के अंतर्गत उक्त कार्यों को संपादित कराये जाने हेतु, विगत वर्षों में विभाग व्दारा निर्मित कपिल धारा कुॅये, निर्मल नीर/सामुदायिक कूप, खेत तालाब, चैक डैम/स्टाप डैम, अमृत सरोवर, शासकीय/निजी तालाब/बांध, नहरें आदि की जानकारी तथा कार्ययोजना का कैलेण्डर व किये जाने वाले कार्यें की सूची सहित गोशवारा गूगलशीट लिंक- https://docs.google.com/spreadsheets/d/1lVVHo9jBVZ1xFzTats-Aa8aCxBEQM8XrM68yZMumyNM/edit?gid=0#gid=0 में जानकारी संकलित कराई जाकर जल गंगा संवर्धन अभियान वर्ष 2025 हेतु जिला नोडल अधिकारी (मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी) के व्दारा प्रदाय की गई गूगलशीट लिंक https://docs.google.com/spreadsheets/d/118SnKDrFyhOJ1vwFyyD-fVgB6LsZApsCirULlC6ARgk/edit?gid=144777368#gid=144777368 पर राजस्व विभाग से संबंधित शीट पर जानकारी दर्ज कराने का कष्ट करें।

अधीक्षक
भू-अभिलेख, जिला सिवनी

पृ. क्रमांक/ **751-A**/भू-अभि./रा.नि./2025 सिवनी, दिनांक- **03** अप्रैल 2025

प्रतिलिपि:-

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय, जिला पंचायत सिवनी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत समस्त जिला सिवनी की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधीक्षक
भू-अभिलेख, जिला सिवनी